17/10/2019 F.Y.B.A Bl.No.16
L-II Hin. A-208

XY9ADS

समय : ३ घंटे पूर्णांक : १००

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (२०)

(क) "कुसुम – कपोलों पर वे लोल शिशिर – कण
तुम किरणों से अश्रु पोंछ लेते हो
वह प्रभात जीवन में भर लेते हो।"

अथवा

"चाह नहीं, प्रेमी - माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव
पर हे हरि, डाला जाऊं"

(ख) "हाथ क्यों बंद किये हो? खोल कर आगे क्यों नहीं कर देते, दस का नोट मुट्ठी में नाहक मुड़ रहा होगा। और प्रमिला, बड़े दिनों में आयी हो। बैठो, तुम भी चखो न यह ख़ुशी की मिठाई!"

अथवा

"तुम्हारे बेटे को मैं स्पोर्ट्स कोटे में इंस्पेक्टर के पद पर लेता हूँ। यह नई पौध है, उसूल से चलेगा, तुम्हारी तरह जमाने की हवा के साथ भटकना नहीं।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (३०)

(च) 'यह मंदिर का दीप' कविता में दीप से जुड़ी आस्था को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' कविता के संदेश पर विस्तार से चर्चा कीजिये।

(छ) 'मनोवृत्ति' कहानी के माध्यम से लोगों की प्रवृत्ति और विचारधारा पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'प्रायश्चित' कहानी अंधविश्वास और लूट पर से पर्दा हटाती है – इस वाक्य की पुष्टि कीजिये।

21

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'सब जीवन बीता जाता है' कविता का आशय।

अथवा

'आज का दैनिक' कविता की मूल संवेदना।

(ठ) साधुराम का चरित्र – चित्रण।

अथवा

'ठेस' कहानी का सिरचन।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के <u>एक</u> वाक्य में उत्तर लिखिए :- (१०)

१) जयशंकर प्रसाद जी की कविता का नाम लिखिये।
२) पुष्प की क्या अभिलाषा है?
३) 'बापू के प्रति' कविता किसे आधार बना कर लिखी गयी है?
४) 'यह मंदिर का दीप' किसकी रचना है?
५) 'वे और तुम' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।
६) सुदर्शन जी की रचना का नाम लिखिए।
७) प्रमिला ने धनंजय को कितने रूपये दिए थे?
८) 'प्रायश्चित' कहानी में किसके मौत की चर्चा है?
९) 'मनोवृत्ति' किसकी रचना है?
१०) 'ठेस' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर पत्र लेखन कीजिए :- (१०)

१) अपने मित्र को जन्म दिवस की बधाई देते हुए पत्र का नमूना तैयार कीजिये।

२) अपने क्षेत्र में बार – बार बिजली जाने की समस्या बताते हुए संपादक के नाम शिकायती पत्र का नमूना तैयार कीजिये।

22

XY9ADS

प्रश्न - ६) (अ) सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (१०)

१) निम्नलिखित वाक्य की वर्तनी शुद्ध करके वाक्य को फिर से लिखिए :-

१) कोसिस करने वालों की हार नहीं होती।

२) निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञा शब्द पहचान कर लिखिए :-

१) हिमालय कई नदियों का उद्गम स्थल है।

३) निम्नलिखित वाक्य में से सर्वनाम शब्द पहचान कर लिखिए :-

१) उन्हें साथ ले कर चलना हमारी जिम्मेदारी है।

४) निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण शब्द पहचान कर लिखिए :-

१) हमने काले पानी का समुद्र देखा।

५) निम्नलिखित वाक्य में से क्रिया शब्द पहचान कर लिखिए :-

१) वहाँ कई लोग चिल्ला रहे थे।

(आ) निम्नलिखित अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिये :- (१०)

Holi is a major Indian festival, celebrated annually in spring season. It is the festival of colors during which people, streets and houses could be seen covered in different colors. It is also called the festival of love, as people play with colors, forgetting their old enmity and renewing the relationships. From this point of view, the Holi festival gives us a message of love and brotherhood.

****

23